# एमबीसी आरक्षण व देवनारायण योजना को लेकर आक्रोश

बयाना, (निसं)। एमबीसी आरक्षण और देवनारायण योजना में खामियों को लेकर एक बार फिर गुर्जर समाज में भारी असंतोष देखने को मिल रहा है। इसी को लेकर रविवार को बयाना के पीलूपुरा गांव स्थित शहीद स्मारक स्थल पर गुर्जर समाज द्वारा एक महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है।

शनिवार को गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैसला ने महापंचायत स्थल का दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्थानीय ग्रामीणों से महापंचायत में आने वाले लोगों के लिए छाया और पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने की अपील की।



गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के अध्यक्ष विजय बैंसला ने ग्रामीणों से महापंचायत में आने की अपील की।

**■ एमबीसी आरक्षण और देवनारायण योजना में खामियों को लेकर पीलूपुरा में गुर्जर समाज की महापंचायत आज**

इस अवसीर पर विजय बैसला ने कहा कि सरकार द्वारा दिया गया 5 एमबीसी आरक्षण केवल कागजों तक सीमित है। समाज को इसका वास्तविक लाभ केवल 1.5 से 2 प्रतिशत ही मिल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दिए गए हलफनामे में आरक्षण की प्राथमिकता तय करने की बात कही गई थी – पहले जनरल, फिर ओबीसी और फिर एमबीसी – लेकिन इसे लागू नहीं किया जा रहा।

बैंसला ने कहा कि देवनारायण योजना का लाभ समाज तक नहीं पहुंच पा रहा है। न तो बच्चों को छात्रवृत्तियां मिल रही हैं और न ही एडमिशन में पारदर्शिता दिखाई दे रही है। उन्होंने आंदोलन के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने में भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाया और चेताया कि यदि मांगे नहीं मानी गईं तो समाज महापंचायत में बड़ा निर्णय ले सकता है।

महापंचायत को देखते हुए प्रशासन सतर्क हो गया है। पुलिस, जीआरपी, आरपीएफ, केंद्रीय और राज्य खुफिया एजेंसियों के अधिकारी मौके पर तैनात किए गए हैं। जिला पुलिस लाइन और सभी थानों से अतिरिक्त जाब्ता बुलाया गया है। उच्च अधिकारी पूरे मामले की निगरानी कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनी रहे और आमजन को किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

## सार-समाचार

### बकरा ईद का पर्व मनाया



करौली, (निसं)। करौली जिला मुख्यालय सहित जिले भर मे ईद उल जुहा (बकरा ईद) का त्योहार परंपरागत रूप से मनाया गया। करौली के मंडरायल रोड स्थित लोटन पीरईदगाह, साईनाथ खिड़कियां ईदगाह और शहर की अन्य मस्जिदों में विशेष नमाज अदा की गई। जिला प्रशासन ने त्योहार के मद्देनजर सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए। शहर में 200 से अधिक होमगार्ड,पुलिसकर्मी और आरएसी के जवान तैनात किए गए। मस्जिदों के आसपास और घनी आबादी वाले इलाकों में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बड़ी दरगाह,वजीरपुर दरवाजा, ढोलीखार,भट्टा चैराहे की ईदगाह और मस्जिदों में प्रात से विशेष गतिविधियां देखी गईं। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर बधाई दी। युवाओं में त्योहार को लेकर विशेष उत्साह दिखा। मौलाना मोहम्मद तौफिक ने अपने संबोधन में कहा कि यह त्योहार त्याग और बलिदान का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि यह संदेश सभी समुदायों के लिए शिक्षाप्रद है। पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम ने बताया कि हिण्डौन गेट, हटवाड़ा बाजार, शिकारगंज मस्जिद, बजीरपुर गेट सहित शहर के प्रमुख स्थानों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए। जिले में सभी तहसीलदार और कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था की निगरानी में जुटे रहे। जिला प्रशासन की ओर 2 ड्रोन कैमरे और अभय कमांड के 111 सीसीटीवी कैमरों को मदद से निगरानी रखी गई है। घुड़सवार पुलिसकर्मी भी गश्त कर रहे थे। साथ ही ईदगाह अंबेडकर सर्किल,छोटी ईदगाह सायनाथ खिडकिया,जामा मस्जिद ढोलीखार,मदीना मस्जिदढोलीखार,कुरैशी मस्जिद ढोलीखार,नदी गेट इमामबाड़ा मस्जिद,बागौर बाली मस्जिद चटीकना,पठानों की मस्जिद चटीकना, हिंडौन गेट मस्जिद, कबीरशाह की मस्जिद साईनाथ खिड़कियां, वजीरपुर गेट मर्कश मस्जिद, मनिहारों की मस्जिद हटवाड़ा, शिकारगंज मस्जिद सहित फूटाकोट चैराहे पर पुलिस जाप्ता तैनात किया गया।

### पांचना बांध का होगा सौंदीयकरण

करौली, (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित शहर के रियासत कालीन परकोटा एवं परिक्रमा मार्ग के अलावा पांचना बांध के सौंदरीकरण के लिए सरकार ने सुध ली है। वही शहर के लोगो ने इस मुद्दे को उठाने पर नरेन्द्र सिंह बैंसला का स्वागत सम्मान किया। पिछले लंबे समय से करौली शहर के ऐतिहासिक धरोहरो का सौंदरीकरण और पांचना बांध को पर्यटन घोषित करने की शहर के सामाजिक संगठन और राजनीतिक नेताओं की मांग चली आ रही थी जिसके लिए पांचना पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह उर्फ पप्पू बैसला ने पिछले 2 वर्ष से लगातार पांचना बांध को पर्यटन घोषित करने की मांग करते चले आ रहे थे विकास समिति के बैनर तले शहर के सामाजिक संगठन से जुड़े लोगों ने भी जोर-जोर से इस मांग को उठाया जिसको लेकर अब सरकार ने करौली के पांचना बांध के सौंदरीकरण के अलावा रियासत कालीन परकोटा का सौंदर्यकरण एवं परिक्रमा मार्ग का निर्माण करना आदि को सरकार ने हरी झंडी दी है जिससे अब शहर के लोगों को करौली शहर के सौंदरीकरण और पांचना बांध के सौंदर्य करण की उम्मीद जगी है। वही पाचना बांध विकास पर्यटन विकास समिति के अध्यक्ष नरेंद्र बैसला का मॉर्निंग वॉक कमेटी करौली के सदस्यों ने माथुर स्टेडियम मे माला पहनाकर सम्मान व अभिनंदन किया इस दौरान मॉर्निगं वॉक कमेटी के अध्यक्ष भरोसी लाल स्वर्णकार व अन्य ने उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी,जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम, विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,पूर्व विधायक रानी रोहिणी कुमारी का आभार जताया है।

### कार्यशाला का आयोजन

करौली, (निसं)। भाजपा सरकार के संकल्प से सिद्धि तक कार्यक्रम की जिला कार्यशाला का आयोजन जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यशाला में मुख्य अतिथि संभाग प्रभारी हेमराज मीणा, विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी प्रेम प्रकाश शर्मा रहे उक्त कार्यशाला में जिला अध्यक्ष द्वारा कार्यक्रम की स्थापना रखी गई एवं मुख्य अतिथि हेमराज मीणा द्वारा मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने व उनके द्वारा किए गए कार्यों की विवेचना की गई तथा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा 11 वर्ष मे किए गए कार्य को जन जन तक पहुंचने का कार्य मंडल अध्यक्षों को एवं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को सोपा गया उक्त कार्यक्रम में उपस्थित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के चलते एक एक पेड़ लगाकर पौधारोपण किया गया उक्त कार्यक्रम में कार्यक्रम के जिला संयोजक बृजलाल डिकोलिया,पूर्व जिला अध्यक्ष प्रहलाद सिंहल, रमेश राजोरिया,कैलाश हरदैनिया,महेंद्र मीणा,प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक सिंह धावाई,लोकसभा प्रत्याशी इंदु देवी,जिला महामंत्री धीरेंद्र बैंसला, गजेंद्र सिंह,जिला उपाध्यक्ष सुरेश शुक्ला कार्यक्रम के संयोजक योगेश शर्मा उर्फ योगी,सत्येंद्र चैधरी, सभापति प्रतिनिधि सुशील शर्मा, लोकेश चतुर्वेदी सहित जिले के सभी मंडलों के मंडल अध्यक्ष रामेंद्र सिंह जादौन,गीता देवी,सिमरन सिंह,नमो नारायण,बबली चतुर्वेदी,अमर सिंह, राजेश पाल, शिव गणेश,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष लज्जा रानी, गजेंद्र सिंह मीना, मंडल महामंत्री आशीष जैन, तेजेंद्र सिंह, विक्की गुरु,नितेश, धन सिंह आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कॉल्विन शील्ड के लिए टीम घोषित

करौली, (निसं)। आगामी 9 जून से जयपुर में होने वाली राज्य स्तरीय सीनियर कॉल्विन शील्ड टूर्नामेंट के लिए टीम का कप्तान अतर सिंह बैरवा को बनाया गया है एवं रक्षित चतुर्वेदी उप कप्तान होंगे। टीम मैनेजर ब कोच करौली के सीनियर खिलाड़ी रविंद्र सिंह होंगे। जिला क्रिकेट संघ कि एडहॉक कमटी के सदस्य राजेश सारस्वत ने बताया कि टीम मे अतर सिंह कप्तान,रक्षित चतुर्वेदी उप कप्तान, मोहम्मद गाजी,अमित भारद्वाज,विकास गुर्जर, हिमांशु तिवारी, हिमेश गुर्जर, विक्की कोली, राजवीर मीणा,गर्वित सरसवाल, भूपेंद्र शर्मा,आशु, कुलदीप गुर्जर, सचिन गुर्जर, अंकित जाट, सचिन अंधना को शामिल किया गया है उन्होने बताया है कि आज रविवार को दोपहर 12 बजे टीम जयपुर के लिए रवाना होगी। यह मैच एक दिवसीय 50 50 ओवर के लाल गेंद द्वारा खेले जाएंगे। मैच 9 जून से 11 जून तक खेले जाएंगे टीम के साथ एक फिजियो व ट्रेनर डॉ. महेंद्र सैनी रवाना होंगे।

### उपचुनाव हेतु ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

करौली, (निसं)। जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना ने बताया कि पंचायत उपचुनाव जून 2025 की निर्वाचन प्रक्रिया को निष्पक्ष एवं भय मुक्त सम्पन्न कराये जाने के लिए पंचायत समिति सपोटरा में पंचायत समिति सदस्य वार्ड संख्यांक 15 हेतु ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है। उन्होने बताया कि ग्राम पंचायत बालोती हेतु तहसीलदार सपोटरा दिलीप कुमार अग्रवाल को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बालोती में कमरा नम्बर 1, 2, 3 व 4 हेतु तथा ग्राम पंचायत डिकोली कलां में नायाब तहसीलदार मिथलेश शर्मा को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय डिकोली कलां में कमरा नम्बर 1 में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये है।

### बॉक्सिंग टीम सीकर रवाना

करौली, (निसं)। छठवीं राजस्थान जूनियर बालक एवं बालिका बॉक्सिंग प्रतियोगिता आज रविवार 8 जून से 10 जून तक नीम का थाना सीकर में आयोजित प्रतियोगिता में करौली जिले के खिलाड़ी भाग लेंगे। बॉक्सिंग संघ से जुडे दारा सिंह मीणा ने बताया कि बालक वर्ग टीम मे गौरव सिंह 44 किलो में, अनुज कुमार तिवारी 46 किलो मे, भूपेंद्र सोनी 52 किलो मे, मिथिलेश मीणा 63 किलो मे, शांतनु हरदैनिया 66 किलो मे,टीम मैनेजर महेश बैंसला, टीम कोच बॉबी सिंह राजावत, साजिद खान, बालिका वर्ग मे कामिनी सिंह 46 किलो में, डिंपल गुर्जर 48 किलो में टीम मैनेजर भानु कुमारी गुनेसरा, टीम कोच पुष्पेंद्र शर्मा, मौसम मीणा, रिंग ऑफिशियल दारा सिंह मीणा होंगे यह जानकारी जिला बॉक्सिंग संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नरेश बंसल ने दी।

## कलेक्टर व विधायक ने गौशाला में श्रमदान कर लगाये पौधे

करौली, (निसं)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत जिला कलेक्टर ने गौशाला में की साफ-सफाई, पौधारोपण एवं गौ पूजन कर गायो को चारा खिलाया वहीं विधायक ने गोशाला में पौधारोपण किया।

जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने राज्य सरकार के निर्देशों की पालना में चलाये जा रहे वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत यादव वाटी गौशाला में पहुच कर गौशाला परिसर में साफ-सफाई की एवं उन्होंने आमजन से भी अपने आस-पास पोखर,नदी, तालाब,बावडी सहित अन्य जगहों पर ठाामीण व शहरी क्षेत्र में साफ-सफाई एवं श्रमदान करने की अपील की। जिससे की आगामी समय में वर्षा का जल स्थानीय स्तर पर संरक्षण हो सके। और साफ सफाई से बीमारियों से मुक्ति मिल सके। उन्होंने इस दौरान गौशाला परिसर में बरगद का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया एवं वर्षा के मौसम के दौरान प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक पौधा रोपित कर उसकी देखभाल करने का संदेश दिया।



यादव वाटी गौशाला मे पौधा रोपण करते विधायक दर्शन सिंह गुर्जर व समिति के लोग।

इसके पश्चात जिला कलेक्टर ने गौशाला परिसर में स्थित गायों की गौ पूजन कर चारा एवं गुड खिलाया व गौ सेवा का संदेश देकर जानवरों के प्रति संवेदनशील रहकर सेवा करने का संदेश दिया। जिला कलेक्टर ने इसके पश्चात यादव वाटी गौशाला का विस्तार से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गायों को रखने की जगह,चारे की व्यवस्था,गायों की चिकित्सा व्यवस्था,अस्वस्थ्य गायों को रखने की व्यवस्था, गायों के लिए बनाये जा रहे खाने एवं खड की व्यवस्था,गायों के लिए छाया की व्यवस्था,पेयजल व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं का विस्तार से जमीनी स्तर पर जायजा लिया एवं गौशाला द्वारा किये गये उक्त प्रबंधन के संबंध में सराहना की एवं आगामी समय में गौ सेवा के प्रति ऐसे ही कार्य करने के लिए गौशाला के पदाधिकारियों को निर्देश दिये।

निरीक्षण के दौरान गौशाला के पदाधिकारियों द्वारा गौ सेवा के संबंध में सडक निर्माण सहित कुछ मांगे रखी गई जिन पर शीघ्र ही पूर्ण करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर ने यादव वाटी गौ'ााला पहुँचकर श्रमदान करते हुए पौधा रोपण किया इस अवसर पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ गंगासहाय मीणा, सूचना जन संपर्क विभाग के सहायक निदेशक धर्मेन्द्र कुमार मीणा,डॉ मुंशीलाल मीणा, यादव वाटी गौशाला के अध्यक्ष रविन्द्र सिंह,एडवोकेट ऊधौ सिंह, बबलु शुक्ला,नरेन्द्र सिह जादौन,चैरजी सिंह, एडवोकेट सीताराम शर्मा, गोविंद लोह वाले सहित ट्रस्ट के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### ज्ञापन सौंपा

भुसावर/भरतपुर, (निसं)। आगार प्रबंधक हिंडौन की अनदेखी व अविवेकपूर्ण कदम से वैर भुसावर कारवान, घाटरी, बल्लमगढ़, हथौड़ी, जहाज, करावली, गोविंदपुरा, मिजाजपुर, निठार, खेरली ब्राह्मण, मैनापुरा, गोगरा ,गढी ब्राह्मण ,नगला सुक्कू रामनगर आजनहेड़ा, सलेमपुर कला, तालचिडी व खेडला तिवारा पहुंच मार्ग हिंडौन पर अनियमित बस सेवा संचालन से क्षेत्र के यात्री पूरी तरह से त्रस्त और परेशान हैं पूर्व सरपंच सतीश पांडे के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्यमन्त्री, कार्यालय मुख्यमंत्री राजस्थान कैम्प कार्यालय भरतपुर के विशेषाधिकारी आरके त्रिपाठी ,उप मुख्यमंत्री, सी एम डी एवं अध्यक्ष रोडवेज ,एमडी रोडवेज वह कार्यकारी निदेशक रोडवेज से अलग-अलग भेंट कर ज्ञापन सौंप कर कहा कि आगार प्रबंधक हिंडौन गलतदूसलत आंकड़े देकर भुसावर हिंडौन बस सेवा के संचालन को लेकर रोडवेज उच्च प्रशासन को गुमराह कर रहे हैं।

भुसावर हिंडौन बस सेवा के नियमित संचालन से यात्रियों का भारी आर्थिक शोषण व समय की बर्बादी हो रही है,सतीश पांडे ने आगार प्रबंधक हिंडौन पर खुला आरोप लगाया है,कि इस मार्ग पर संचालित बसों का यात्री भार नियमित आय से अधिक हो रही है फिर भी शिक्षा के मिनी हब के रूप में विकसित उपखंड मुख्यालय हिंडौन के लिए संचालित मार्ग बस सेवा को मार्च अप्रैल 2025 में 10 दिन बंद कर अनियमित रूप से 20 दिन ही चलाया गया है।

### प्रभारी मनोनीत

भरतपुर, (निस)। पत्रकार सोमेंद्र गोपालिया को अखिल भारतीय कलवार, कलाल, कलार, जायसवाल महासभा का उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। महासभा के राष्ट्रीय सचिव ध्रुव चंद जायसवाल के अनुसार महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक पूरनचंद झरीवाल की अनुशंसा पर अध्यक्ष राजीव कुमार जायसवाल की सहमति से सोमेंद्र गोपालिया को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी मनोनीत करते हुए समाज के सर्वांगीण विकास में सकारात्मक सहयोग की आशा जताई है।

## श्रीमद्भागवत कथा का हुआ अयोजन

भरतपुर, (निसं)। गायत्री परिवार के तत्वावधान में सामुदायिक भवन जवाहर नगर, भरतपुर में कथावाचक भगवानदास रामभक्त द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में बताया कि प्रत्येक मनुष्य को अपने जीवन में पितृऋण, ऋषिऋण, देवऋण को चुकाना पडता है। उपासना, साधना, आराधना, आत्मषोधन तथा परमार्थ करने से ऋषि ऋण चुकाया जाता है।

लोकहित के लिए यज्ञ, दान, पुण्य कार्य करने से देवऋण चुकाया जाता है, अपने व्यक्तित्व का निर्माण करके पितृऋण चुकाया जाता है। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान जिस पर कृपा करते हैं धीरे धीरे उसका धन वैभव हरण कर लेते हैं तब सांसारिक स्वार्थी लोग उस व्यक्ति को निर्धन समझकर त्याग देते हैं तब उस पर भगवान कृपा रूपी वर्षा करते हैं। भागवत कथा के विराम के बाद संयोजक विष्णु लोहिया, आलोक बंसल, विनय चौधरी एवं विनोद मेडीकल का माला पटका व प्रतीक चिंह देकर सम्मान किया।कथा के अंत में आरती पूर्व महापौर शिवसिंह भोंट, महिला जिलाध्यक्ष भाजपा षिवानी दायमा, गिरधारी गुप्ता, प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य धर्मेन्द्र शर्मा, एस.पी. जिंदल, मुकेष सिंघल,मुरारी लाल खंडेलवाल, महेशचंद सिंघल, डॉ. एल.सी. अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, मुख्य यजमान राधेलाल गोयल एवं अषोक कुमार गोयल सपत्नीक आदि बडी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।

## निर्जला एकादशी पर शरबत व खरवूजा का वितरण किया

भरतपुर, (निसं)। खिरनी घाट स्थित प्राचीन मंदिर श्री राधा दामोदर जी महाराज पर निर्जला एकादशी पर ठण्डे शरबत व खरवूजा का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मंदिर के सेवारत पुजारी गनपत शर्मा ने बताया कि निर्जला एकादशी के अवसर पर मंदिर में महिलाओं द्वारा संकीर्तन किया गया पूजा अर्चना कर महाआरती हुई। इस मौके पर मीठे ठण्डे शरवत व खरवूजा की प्रसादी का वितरण किया गया जिसमें बडी संख्या में भक्तगणों ने भीषण गर्मी में शरवत पीकर प्यास बुझाई।

इस मौके पर मंदिर के सेवारत पुजारी गनपत शर्मा ने मंदिर के बारे में बताया कि यह मंदिर 200 साल पुराना है व शहर में संभवत एक मात्र मंदिर है कार्तिक मास में राधा का नाम राईजी के नाम से भी जाना जाता है प्रातःकाल महिलाएँ कथा सुनती हैं एवं राधारानी को राई अर्पण कर परिवार की सुख शान्ति, उन्नित निरोगी व धनधान्य प्राप्ति एवं मनवांछित फल प्राप्ति की कामना करती हैं। इस मौके पर प्रमुख समाजसेवी मोहन मित्तल, महेशचंद सिंघल, वैध कृष्णकांत शर्मा, अर्जुन बंसल, विष्णु लोहिया, राजू बंसल मैनेजर एवं बडी संख्या में भक्तगण एवं महिलाएं मौजूद रहीं।




भरतपुर में खिरनी घाट स्थित प्राचीन मंदिर श्री राधा दामोदर जी महाराज पर निर्जला एकादशी पर शरबत व खरवूजा का वितरण किया गया।

## सार-समाचार

### मंदिर से चुराए चांदी के मुकुट व छत्र



गंगापुर सिटी, (निसं)। पटवा बाजार स्थित विजय गोपाल व गणेश मंदिर से शुक्रवार रात चोर 5 चांदी के मुकुट, 3 चांदी के छत्र और चढावे की राशि ले गए। पुजारी ने कोतवाली पुलिस थाने में मामला दर्ज कराया है। सुबह पुजारी सोनू चौबे आरती के लिए मंदिर पहुंचे। उन्होंने देखा कि मंदिर के गेट के ताले टूटे हुए थे। मंदिर के अंदर चांदी के मुकुट, छत्र और चढावे की राशि गायब थी। पुजारी ने तुरंत कोतवाली थाना पुलिस को सूचित किया। एक सप्ताह पहले चौथ माता मंदिर बाजार में भी चोरी हुई थी। चूलीगेट रोड पर टेलर्स मास्टर की दुकान से चोर 50 हजार रुपए के कपडे ले गए। चोर दूसरी मंजिल से दुकान में घुसे और ताला तोडकर सामान चुरा ले गए। इसी बाजार में अनिल कुमार गुप्ता के गोदाम से भी चोरी हुई। चोर वहां से दो पीपे तेल, मसाले, दाल और केसर के डिब्बे सहित 20 हजार रुपए का सामान ले गए। अब तक इन चोरियों का कोई सुराग नहीं मिला है। लगातार हो रही चोरियों से शहरवासी भयभीत हैं। स्थानीय लोगों ने पुलिस से चोरियों पर रोक लगाने की मांग की है।

### अमन-चैन की दुआ मांगी

गंगापुर सिटी, (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार को ईद उल अजहा का त्योहार परंपरागत रूप से मनाया गया। ट्रक यूनियन के पास स्थित ईदगाह में सुबह 8 बजे शहर काजी शाहिद अली ने ईद की नमाज अदा कराई। हजारों नमाजियों ने एक साथ सजदा किया और देश में अमन-चैन की दुआएं मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। इसके बाद घरों में कुर्बानी की रस्म अदा की गई। शहर काजी शाहिद अली ने बताया कि यह दिन त्याग और बलिदान का प्रतीक है। यह दिन पैगम्बर और उनके बेटे की याद में मनाया जाता है। कार्यत्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजोरा, उपखंड अधिकारी बृजेंद्र मीणा और तहसीलदार बृजेश सिहरा सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर ईदगाह से ट्रक यूनियन मार्ग पर एक घंटे तक यातायात बंद रहा। यातायात पुलिस ने भारी वाहनों और बसों को बायपास की ओर डायवर्ट किया। ईदगाह के आस-पास की गलियों में बैरिकेडिंग लगाई गई और शहर में जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया।

### श्रीकृष्ण सुदामा की मित्रता की कथा सुनाई

सूरौठ, (निसं)। तहसील के समीपवर्ती ठााम ढिंढोरा ठााम में विगत पांच दिवसों से चल रही श्रीमद्भागवत कथा में आज कथा व्यास आचार्य सुनील योगीराज महाराज के द्वारा भगवान श्रीकृष्ण सुदामा कि मित्रता कि कथा सुनाई गई व बीच-बीच में भगवान के सुनायें हुए भजनों पर महिलाओं ने जमकर नृत्य किया व साथ ही साथ संजीव झांकी सजाई गई महाराज जी ने कथा का वृत्तांत सुनाते हुए कहां कि भगवान कृष्ण व सुदामा कि मित्रता का वर्णन किया कथा के दौरान उत्तर प्रदेश कानपुर से ढिंढोरा पहुंचे श्री श्री 108 श्री महंत लक्ष्मण नाथ जी महाराज व एकला नाथ जी महाराज का कथा आयोजन परिवार के सदस्य हीरानाथ भूरसिंह नाथ , स्वरूप नाथ रामदयाल, चरण सिंह रघुनाथ, सुगरिम, वीरेंद्र, रामरूप मुकेश, रामकेश , लल्लूराम , सीताराम,सिट्टू, कमलेश शिबू, बलवीर आदि सदस्यों द्वारा महंत लक्ष्मणनाथ जी महाराज व एकला नाथ जी महाराज का भव्य स्वागत सम्मान किया गया व श्रीमद्भागवत कथा सुबह सवा ग्यारह बजे से सायं सवा चार बजे तक सुनाई गई, शाम कों भगवान कि आरती करने के पश्चात सभी भक्तजनों को प्रसादी का वितरण किया गया कथा सुनने के लिए आस पास के क्षेत्रों से हजारों भक्त गण पहुंचे जिससे ठााम का माहौल धर्ममय बना रहा इस मौके पर हजारों भक्त गण उपस्थित रहे।

### रथ व कलश यात्रा निकाली



भरतपुर, (निसं)। मन्दिर श्री पंचमुखी हनुमान जी महाराज के प्रांगण में श्री माता कामेश्वरी देवी परिसर में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है, जिसका शुभारम्भ आचार्य भूपेन्द्र मिश्रा महाराज 'कथावाचक' वृंदावन के सानिध्य में रथ एवं कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में नारी शक्ति एवं शहर के गणमान्य लोगों ने भी भाग लिया। शनिवार को कथावाचक आचार्य श्री भूपेन्द्र मिश्रा महाराज ने अपने उद्बोधन में शिव महिमा के विभिन्न प्रसंगों के बारे में जनमानस को अवगत कराते हुए संयमशील जीवन अपनाते हुए अभिमान को अपने से विमुख रखने के लिए प्रेरित किया। साथ ही बताया कि हमें अपने अधिकारों की अपेक्षा कर्तव्यों की ओर अठासित रहना चाहिये। साथ ही अपने माता-पिता को सर्वोच्च स्थान देते हुए अपने कर्म करना चाहिये। इस कथा में बड़ी संख्या में नारी शक्ति के साथ-साथ पुरूष वर्ग भी श्रवण कर रहे हैं। कथा में महंत अनिल शर्मा, पं.रामलाल शर्मा, प्रीतेश गर्ग 'फौजी सीसीटीवी कैमरा वाले', महावीर मित्तल, अखिलेश शर्मा 'सूसी', मनोज सिंघल, कालू भाई, गोविंद बंसल, सरजू बंसल, चिंटू इत्यादि भक्तों ने कार्यक्रम की व्यवस्था में सहयोगी रहे।

### फिजियोथैरेपी शिविर 10 जून को

भरतपुर (निस)। भारत विकास परिषद की ओर से निशुल्क फिजियोथैरेपी कैंप 10 जून मंगलवार को सुबह 9 से दोपहर 3 बजे तक डॉ एचएन.शर्मा केंपस कोतवाली के पास भरतपुर में किया जाएगा। संस्था के कार्यकारिणी सदस्य अंकुर गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि कैंप में मसल्स स्ट्रैंथ, जोड़ों की गति की जांच एवं रीड की हड्डियों की दबी नसों की जांच की जाएगी। सीनियर फिजियोथैरेपिस्ट डॉ वी एन शर्मा एवं उनकी टीम के द्वारा निशुल्क परामर्श एवं उपचार किया जाएगा। फिजियोथैरेपी कैंप में स्पाइन सर्जरी, स्लिप डिस्क, साइटिका डिस, डिस्क बल्ज, घुटने में दर्द, कंधा जाम, पैरालिसिस के बाद हाथ पैर ना चलना, लिगामेंट सर्जरी ब रिप्लेसमेंट के बाद मूवमेंट नहीं आने आदि रोगी शिविर का लाभ उठा सकते हैं। शिविर में फिजियोथैरेपी की नवीनतम तकनीक स्पाइनल रोबोटिक, डी कंप्रेशन, क्लास फोर लेजर, लैंग्वेज थेरेपी, कोल्ड थेरेपी, क्रायोफेरेपी, वायरलेस मसल्स स्टिम्युलेटर, गेट ट्रेनर और रोबोटिक आदि मशीनों से रोगियों का निशुल्क इलाज किया जाएगा।

### बांसुरी पर पुलकित हुई राग हंस ध्वनि

भरतपुर, (निसं)। नेट थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में उभरते बाँसुरी वादक 'संदीप सोनी' ने जब बाँसुरी पर अपने स्वर छेड़े तो लगा श्रीकृष्ण की बाँसुरी अटखेलियां करती हुई गोपियों को रिझा रही है। नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि जयपुर के उभरते सुरीले बाँसुरी वादक संदीप सोनी ने शास्त्रीय राग हंस ध्वनि से कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने राग हंस ध्वनि में आलाप, जोड़, झाला तीन ताल, मध्यलय में एक बंदिश सुनाकर दर्शकों से दाद पाई अंत में उन्होंने मीरा का एक भजन माई रे मैं तो लियो रे गोविंद मोल की धुन बजाकर कार्यक्रम को परवान चढ़ाया। आपके साथ तबले पर युवा तबला वादक 'मोहम्मद शोएब' की सधी हुई संगत से दर्शक बाँसुरी की मीठी तान में खो गये। कैमरे पर मनोज स्वामी, प्रकाश स अंकित शर्मा नोनू, एवं मंच सज्जा जिवितेश शर्मा की रही। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी इम्पीरीयल प्राइम कैपिटल की ओर स्मृति चिन्ह भेंट कर कलाकारों को सम्मानित किया।